**फा.सं.25-I(02)/2021-एएचडी/एआर**

**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

**(एआर अनुभाग)**

*****

कृषि भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 28 अक्टूबर, 2021

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संबंध में सितंबर, 2021 का मासिक सारांश।**

अधोहस्ताक्षरी को पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा सितंबर, 2021 माह में किए गए प्रमुख क्रियाकलापों, लिए गए निर्णयों तथा मंत्रिमंडल/मंत्रिमंडल समितियों द्वारा लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की प्रगति से संबंधित मासिक सारांश सूचनार्थ इसके साथ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

संलग्नक: यथोक्त

सर्बेस्वर माझी

(सर्बेस्वर माझी)

उप सचिव (जीसी/पीसी)

फोन: 011 23388534

सेवा में,

मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
2. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली ।
4. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
5. सचिव, मत्स्यपालन विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
6. सचिव, कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
7. सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।

8. सचिव, पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली।
9. सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, जीवन दीप भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली।
10. सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली।

11. सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
12. सचिव, व्यय विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
13. सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
14. सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
15. सचिव, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली।
16. सचिव, पंचायती राज मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली।
17. सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली।
18. सलाहकार, कृषि, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली।
19. संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1) माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्री के निजी सचिव।
2) सभी माननीय राज्य मंत्रियों के निजी सचिव (डीएएचडी)।
3) एएस और एफए के प्रधान निजी सचिव।
4) पशुपालन आयुक्त के प्रधान निजी सचिव।
5) डीएएचडी के सभी संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव।
6) तकनीकी निदेशक, एनआईसी, डीएएचडी को संलग्न दस्तावेजों को विभागीय वेबसाइट में अपलोड करने के लिए।

**सितंबर 2021 माह के दौरान लिए गये महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां-**

## 1. गोपशु और डेयरी विकास

I. सचिव, एएचडी की अध्यक्षता में दिनांक 10.09.2021 को परियोजना संस्वीकृति समिति की बैठक में डेयरी विकास हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत 235.98 करोड़ रू. (जिसमें केंद्र का हिस्सा 142.52 करोड़ रू. है) की लागत की चार परियोजनाओं, गुजरात(1), पंजाब(1) तथा राजस्थान(2) को मंजूरी दी गई। परियोजना हेतु 141.08 करोड़ रू. की राशि कार्यान्वयन एजेंसियों को जारी की गई।

II. दिनांक 21.09.2021 को सचिव, एएचडी व सचिव (श्रम एवं रोजगार) की सहअध्यक्षता में पीएमएसवाईएम योजना के तहत डेयरी किसानों के लिए पेंशन योजना की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई।

III. आंगनवाड़ी, मिड डे मील के माध्यम से दूध/दूध के पाउडर की आपूर्ति के प्रसार हेतु दिनांक 21.09.2021 को सचिव (डब्ल्यूसीडी) को एक अर्धशासकीय पत्र भेजा गया।

IV. 8 करोड़ किसानों के लाभ हेतु खाद्य तेल के समान घी और मक्खन पर जीएसटी की दर में 12 प्रतिशत से 5 प्रतिशत के संशोधन हेतु माननीय मंत्री (एफएएचडी) द्वारा माननीय वित्त मंत्री को एक पत्र लिखा गया है।

## 2. पशुधन स्वास्थ्य

i. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, में लम्पी त्वचा रोग की पुष्टि तथा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा में फिर से पृष्टि होने पर राज्यों व संघ राज्य क्षेत्रों को निश्चित समय सीमा में रोग के नियंत्रण और रोकथाम हेतु चक्रीय टीकाकरण सहित तुरंत जैव सुरक्षा और जैव-संरक्षा उपाय अपनाने को कहा गया।

ii. उत्तर प्रदेश राज्य में ग्लैंडर्स की पुष्टि होने पर विभाग ने राज्य को जू स्वच्छता उपायों को अपनाने, रोग को आगे फैलने से रोकने के लिए घोड़ों के संक्रमित क्षेत्र से आने जाने पर निगरानी रखने/प्रतिबंध लगाने के बारे में संसूचित किया।

iii. गुजरात में क्रिमियन-कांगो रक्तश्रावी बुखर (सीसीएचएफ) की फिर से पुष्टि होने पर विभाग ने राज्य को टिक कंट्रोल और जू स्वच्छता उपायों को अपनाने और क्योंकि यह रोग जूनोटिक प्रकृति का है अत: उसकी जानकारी स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकारियों से साझा करने हेतु संसूचित किया है।

iv. रेबीज टीकाकरण, सचल ईकाइयां, स्वास्थ्य शिविरों और पशुचिकित्सालयों तथा औषधालयों के सुदृढ़ीकरण के संबंध में विभाग ने आरकेवीवाई-एसएलएससी के तहत उत्तराखंड राज्य के प्रस्ताव की अनुशंसा की है।

v. विभाग ने 7 सितंबर, 2021 को एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए अफ्रीकी स्वाइन ज्वर (एसजीई-एएसएफ) पर विशेषज्ञों के साथ स्थाई समूह की आनलाइन बैठक के लिए डीएएचडी के अधिकारियों और आईसीएआर-निहसाद, निवेदी, आईवीआरआई-सीएडीआरएडी और एनईआरडीडीएल, गुवाहाटी के वैज्ञानिकों को नामित किया।

vi. विभाग ने 1 से 2 सितंबर, 2021 तक एशिया प्रशांत क्षेत्र में पारंपरिक खाद्य बाजारों में जोखिम न्यूनीकरण पर डब्ल्यूएचओ की द्वि-क्षेत्रीय एडवोकेसी बैठक हेतु विभाग के अधिकारियों को नामित किया।

vii. विभाग ने वन्य जीव और पशुरोग अधिसूचना (मध्यवर्ती चक्र):20-24 सितंबर, 2021 (आनलाइन) हेतु क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला के लिए ओआईई राष्ट्रीय केंद्र बिंदु हेतु विभाग के अधिकारियों को नामित किया है।

viii. केरल में मानव निपाह मामले की पुष्टि होने पर विभाग ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा राज्य पशुपालन विभाग के साथ शमन रणनीतियों की जांच और निगरानी तथा सही अर्थों में, क्षेत्र स्तर पर तथा वर्तमान समय  में मौजूद समस्या के बेहतर समाधान के लिए वन हेल्थ अवधारणा के कार्यान्वयन हेतु समन्वय किया है। विभाग ने केरल राज्य को सुझाव दिया है कि वे निहसाद-भोपाल के साथ समन्वय करके फल पर लगने वाले चमगादड़ों और सुअरों पर निगरानी रखें।

ix. विभाग और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउडेंशन ने भारत की खाद्य सुरक्षा, आर्थिक विकास के एजेंडे और वन हेल्थ ढांचे का समर्थन करने के लिए पशुधन क्षेत्र में सतत सुधार के उद्देश्य के साथ सहायता करने के इरादे से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

x. त्रिपुरा राज्य में अफ्रीकी स्वाइन फ्लू(एएसएफ) की पुष्टि होने पर, विभाग ने परामर्शी और राष्ट्रीय कार्य योजना जारी की जिसमें सूअरों में एएसएफ के तत्काल नियंत्रण और रोकथाम के उपायों को सख्ती से लागू करने की सलाह दी गई।

xi. राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) के तहत लगभग 0.41 करोड़ पशुओं का ईयर टैग किया जा चुका है। एफएमडी और ब्रूसेलोसिस के विरुद्ध अगले चरण का टीकाकरण शुरू हो चुका है और एफएमडी के लिए लगभग 5.69 लाख पशुओं का व ब्रूसेलोसिस के लिए 16.57 लाख पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है।

### 3. <u>राष्ट्रीय पशुधन मिशन</u>

i. सचिव, एएचडी की अध्यक्षता में 30 सितंबर, 2021 को हुई पीएससी की बैठक में एएचआईडीएफ के तहत भेंड और बकरी के लिए नस्ल सुधार/नस्ल गुणन फार्म और तकनीकी रूप से सहायता प्राप्त कुक्कुट फार्म को उप-श्रेणी के रूप में शामिल किया गया है।

ii. गुजरात और राजस्थान के कमी वाले क्षेत्रों में तथा पंजाब और हरियाणा राज्यों में उत्पादित गैर बासमती धान पुआल(पराली)/चारे के उपयोग हेतु संग्रहण, भंडारण और परिवहन के तौर-तरीकों पर अपनी रिपोर्ट तैयार करने और प्रस्तुत करने के लिए मत्स्यपालन पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के संयुक्त सचिव (एनएलएम) की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

iii. हैदराबाद में 24 और 25 सितंबर 2021 को "बढ़ती पशुधन आबादी हेतु चारा आपूर्ति- वर्तमान और भविष्य की चुनौतियां" पर 62वीं राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई थी। माननीय केंद्रीय मंत्री (एफएएचडी) इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि थे।

### 4. <u>क्रेडिट, विस्तार और प्रचार (सीईपी)</u>

I. 1 सितम्बर 2021 को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास हेतु स्वंय सहायता समूह मंच के उन्नयन के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मत्स्यपालन पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, ग्रामीण विकास विभाग तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

II. आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 11 सितम्बर 2021 को दुग्ध प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन हेतु खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय) के साथ एक वेबीनार का आयोजन किया गया।

5. राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को योजनाओं के तहत लाये गये विभिन्न परिवर्तन, उनके निहितार्थ और विभाग की संशोधित और पुनर्संगठित योजनाओं के कार्यान्वयन में राज्यों की भूमिका के बारे में अवगत कराने हेतु सभी राज्यों के एएचडी मंत्रियों के साथ माननीय मंत्री (एफएएचडी) की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय स्तर की वर्चुअल बैठक आयोजित की गयी।

6. पंजाब, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, गुजरात और हिमाचल प्रदेश राज्यों में पशुपालन एवं डेयरी योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करने के लिए दिनांक 07/09/2021 से 14/09/2021 के दौरान प्रत्येक राज्य से एक के बाद एक करके बैठक आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता मंत्री (एफएएचडी) द्वारा की गयी जिसमें राज्य पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्रियों व अधिकारियों द्वारा हिस्सा लिया गया।

7. माननीय मंत्री (एफएएचडी) ने 16/09/2021 से 23/09/2021 की अवधि के दौरान लोकसभा और राज्यसभा के माननीय सासदों के साथ क्षेत्रवार बैठकों की अध्यक्षता की ताकि उन्हें केंद्र सरकार की योजनाओं द्वारा दिये जा रहे लाभों, उनके निहितार्थों तथा विभाग की संशोधित और पुनर्संगठित योजनाओं का आगे देश के लोगों तक प्रसार और पहुंच के कार्यान्वयन हेतु राज्यों की भूमिका से अवगत कराया जाय।

8. **बजटः**

वर्ष 2021-22 के लिए सितम्बर, 2021 तक, 3599.98 करोड़ रुपए के बजट अनुमान (बीई) की तुलना में व्यय 1530.63. करोड़ रुपए था। सितम्बर, 2021 माह के दौरान पशुपालन और डेयरी विभाग का व्यय 758.02 करोड़ रुपए था।

9. **सोशल मीडिया के कार्यकलापः**

माह के दौरान, विभाग के ट्विटर पेज को 52,300 फॉलोवर्स द्वारा देखा गया। सोशल मीडिया कार्यकलापों के तहत 199 रचनात्मक पोस्ट बनाए गए, 273 ट्वीट, 1510 री-ट्वीट किए गए, 3 वीडियो और जीआईएफ बनाए गए। विभाग की फेसबुक पर 1,24,857 फॉलोवर्स हैं। विभाग के कू एकाउंट पर 33,000 फॉलोवर्स हैं। सितम्बर 2021 के अंत तक लिंक्डइन पर 269 फॉलोवर्स तथा इंस्टाग्राम पर 225 फॉलोवर्स थे।

*******